उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 426 **संवाद–224** दिनांक /Date.: 06/06/2022

विषयः– **दिनांक 12 जून, 2022 को विभिन्न पदों की लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी किये जाने के संबंध में**

प्रिय अभ्यर्थियों,

आप अवगत है कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा **दिनांक 12 जून, 2022** को 02 पालियों में यथा **प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे के मध्य पदनाम–वाहन चालक/प्रवर्तन चालक** तथा **प्रथम पाली प्रात 10:00 बजे से 12:00 बजे के मध्य पदनाम–मत्स्य निरीक्षक** एवं **अपरान्ह् 02:00 बजे से सांय 04:00 बजे के मध्य पदनाम–कार्यशाला अनुदेशक व समान अर्हता वाले अन्य पदों** पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा आयोजन का आयोजन किया जा रहा है।

पदनाम–वाहन चालक के पदों पर चयन हेतु 04 जनपद/शहर यथा देहरादून, श्रीनगर(पौड़ी गढ़वाल), हल्द्वानी(नैनीताल) एवं अल्मोडा में लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

अभ्यर्थियों की संख्या अत्यधिक कम होने के दृष्टिगत **पदनाम–मत्स्य निरीक्षक के पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन देहरादून जनपद के 01 परीक्षा केन्द्र में किया जा रहा है।**

पदनाम–कार्यशाला अनुदेशक व समान अर्हता वाले अन्य पदों हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन 02 जनपद/शहर यथा **देहरादून तथा हल्द्वानी(नैनीताल)** में किया जा रहा है।

वाहन चालक पद हेतु 19193 अभ्यर्थियों, मत्स्य निरीक्षक पद हेतु 107 अभ्यर्थियों तथा कार्यशाला अनुदेशक व समान अर्हता वाले अन्य पदों हेतु 5416 अभ्यर्थी पंजीकृत है। उक्त पदों हेतु पंजीकृत समस्त अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र आयोग वेबसाइट पर दिनांक 03.06.2022 को अपलोड कर दिये गये हैं।

उक्त पदों हेतु अभ्यर्थियों को अपने निकटस्थ जनपद में परीक्षा केन्द्र आंवटित किये गये है। कुछ कॉमन अभ्यर्थियों के लिए एक ही स्थान व परीक्षा केन्द्र में परीक्षा देने की व्यवस्था की गयी है।

परीक्षा की शुचिता अत्यधिक महत्वपूर्ण है अतः कोई भी ऐसी सामग्री अपने साथ न लायें जो प्रतिबंधित की गयी है। इस विषय पर परीक्षा की शुचिता व प्रतिबंधित सामग्री के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश आयोग वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर उपलब्ध हैं, कृपया उन्हें भी देख लें। परीक्षा में शुचिता बाधित होने पर या कोई अन्य अनुचित व्यवहार होने पर अभ्यर्थन तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

किसी भी जानकारी/प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में आ रही कठिनाई के संबंध में आयोग के **टॉल फ्री नं0–9520991172 या व्हाट्सएप्प नं0–9520991174 या आयोग की E.Mail–chayanayog@gmail.com** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

आयोग की ओर से,

6/6/22

(संतोष बडोनी)
सचिव।